Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding optimum utilisation of funds for National Health Mission in all 33 district of Rajasthan including Bara.

श्री दुष्यंत सिंह (झालावाड़-बारां): महोदय, मुझे आज के इस शून्य काल में 'राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन' के बारे में एक बात बतानी है । वर्तमान में जो राजस्थान की सरकार है, वह 'राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन' में बहुत ही खराब काम कर रही है । आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने इस सोच के साथ यह कोशिश की थी कि स्वास्थ्य के लिए राशि रखी जाए और उस राशि से सभी को हेल्थ केयर में समान रूप से जोड़ा जाए ।

वर्तमान में राजस्थान की जो सरकार है, 'नेशनल हेल्थ मिशन' का जो फंड है, उसने सिर्फ 27 प्रतिशत फंड का ही यूटिलाइज किया है । उसका ऑडिट नहीं हुआ है । इसके साथ ही साथ जो स्टेट मैचिंग शेयर है, उन्होंने वह भी नहीं दिया है । वर्तमान में राजस्थान सबसे खराब पर्फार्मिंग वाला राज्य है । लगभग 440 आयुष्मान भारत हेल्थ केयर्स सेंटर्स में केवल 18 प्रतिशत ही काम किया गया है । वहां जो कम्युनिटी हेल्थ सेंटर्स हैं, वहां भी काम नहीं किया गया है ।

महोदय, मैं आपसे इतनी विनती करता हूं कि जो आवश्यक औषधियां हैं, लोगों को वे सही समय पर मिल सकें । मेरा जिला झालावाड़-बारां है, जो कि एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट है । उन जिलों में भी 'नेशनल हेल्थ मिशन' के तहत काम किया जाए । मैं आपसे यह अनुरोध करता हूं कि आप केन्द्र सरकार से बातचीत करके, राजस्थान सरकार से यह कहिए कि जो हेल्थ मिशन्स हैं, सिर्फ एक ही जिले में नहीं, बल्कि वे 33 जिलों में अच्छा काम करें, ताकि इसका लाभ पूरे प्रांत को मिल सके ।